भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
ग्रामीण विकास विभाग
....
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1182
(16 दिसम्बर, 2013 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा सेवा केन्द्र

1182. श्रीमती कानीमोझी:

क्या ग्रामीण विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने गांवों में मनरेगा सेवा केन्द्रों की स्थापना करने पर विचार किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) तमिलनाडु के ऐसे गांवों का जिलावार ब्यौरा क्या है जहां ऐसे सेवा केन्द्र स्थापित होंगे; और
(ग) इन सेवा केन्द्रों के कार्य क्या होंगे?

उत्तर

ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रदीप जैन 'आदित्य')

(क) : जी, हाँ। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत ग्राम पंचायत (जीपी) में ग्राम पंचायत भवन तथा ब्लॉक स्तर पर ज्ञान संसाधन केंद्र के रूप में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्रों (बीएनआरजीएसके) के निर्माण की अनुमति दी गई है।

(ख) मनरेगा के अंतर्गत कार्यक्रम कार्यान्वयन प्राधिकरण होने के नाते तमिलनाडु राज्य सरकार ने राज्य भर में पंचायत सेवा केंद्रों के रूप में बीएनआरजीएसके का चरणबद्ध रूप से निर्माण करने का फैसला किया है, जिन्हें तीन वित्तीय वर्षों अर्थात 2013-14 से 2015-16 तक पूरा किया जाना है। राज्य द्वारा उपलब्ध की गई सूचना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान 4147 ग्राम पंचायत सेवा केंद्रों तथा 120 ब्लॉक पंचायत सेवा केंद्रों का निर्माण शुरू किया गया है। ग्राम पंचायतों और ब्लॉक पंचायतों की जिले-वार संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

(ग) इन सेवा केंद्रों का उद्देश्य है (i) ग्राम पंचायत/ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम के प्रभावी प्रबंधन के लिए अतिरिक्त कार्यालय स्थान सुनिश्चित करना (ii) मनरेगा तथा अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों के प्रावधानों की सूचना नागरिकों तक पहुंचाने के लिए ज्ञान संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करना (iii) प्रौद्योगिकियों और सार्थक प्रक्रियाओं के प्रसार में सहायता करना (iv) ग्राम पंचायत एवं ब्लॉक पदाधिकारियों इत्यादि को सहायता देने के लिए आईसीटी सुविधाओं के साथ बेहतर समन्वयन करना।

*****

राज्य सभा में दिनांक 16.12.2013 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1182 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

एमजीएनआरईजीएस – वर्ष 2013-14 के दौरान क्रमशः ब्लॉक पंचायत सेवा केंद्रों (बीपीएससी) और ग्राम पंचायत सेवा केंद्रों (वीपीएससी) के निर्माण के लिए चयनित ब्लॉकों एवं ग्राम पंचायतों की सूची ।

क्र.सं.	जिले का नाम	ब्लॉकों की सं.	ग्राम पंचायतों की सं.
1.	कांचीपुरम	4	231
2.	तिरुवल्लूर	5	204
3.	कुडालूर	4	236
4.	विलुपुरम	5	196
5.	बेल्लौर	5	207
6.	तिरुवन्नामलाई	5	200
7.	सलेम	6	146
8.	नामक्कल	7	150
9.	धर्मापुरी	6	193
10.	कृष्णागिरी	5	178
11.	इरौड	0	0
12.	कोयंबटूर	3	37
13.	तिरुपुर	2	40
14.	नीलगिरी	0	0
15.	तंजावुर	0	0
16.	नागापट्टीनम	4	182
17.	तिरुवरूर	4	159
18.	तिरुचिरापल्ली	0	0
19.	करूर	6	130
20.	पेरम्बलूर	3	101
21.	अरियालूर	4	134
22.	पुडुकोटाई	4	155
23.	मदुरई	4	132
24.	थेनी	4	80
25.	डिंडीगुल	5	121
26.	रामनाथपुरम	5	224
27.	विरूधुनगर	4	165
28.	शिवनगरी	5	181
29.	तिरुनलवेली	6	168
30.	थुथूकुडी	5	224
31.	कन्याकुमारी	0	0
	कुल	**120**	**4174**